भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3461
उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

57 नए केंद्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना

3461. श्री कौशलेन्द्र कुमार:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में 57 नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का बिहार राज्य में एक नया केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): वर्तमान में, शिक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत 48 केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों ने भी अपने विषय विशिष्ट केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों को क्षेत्र के अन्य संस्थानों को अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने के लिए आदर्श संस्थानों के रूप में कार्य करने हेतु परिकल्पित किया गया है। बिहार में पहले से ही चार केंद्रीय विश्वविद्यालय अर्थात् दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया; महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी; नालंदा विश्वविद्यालय, नालंदा और डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय के अतिरिक्त, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना; राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना; भारतीय प्रबंध संस्थान, बोधगया; भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भागलपुर जैसे अन्य उच्चतर शिक्षा संस्थानों की भी स्थापना इस मंत्रालय द्वारा बिहार में की गई है। ये शैक्षणिक संस्थान बिहार राज्य में उच्चतर शिक्षा की आवश्यकता को भी पूरा कर रहे हैं। भागलपुर के नजदीक ऐतिहासिक स्थल विक्रमशिला में एक नए केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की गई है। इसके अलावा, 'शिक्षा' समवर्ती सूची का विषय होने के कारण, राज्य सरकारें भी अपने-अपने राज्यों में उच्चतर शिक्षा तक अधिक पहुंच प्रदान करने के लिए विभिन्न पहल कर रही हैं।

*****